# 5 पायल का साहस

L.O. 1, 2, 3

**चर्चा करें—**
- खेलते समय अगर साथी को चोट लग जाए तो आप क्या करेंगे?
- प्रतियोगिता में भाग क्यों लेते हैं?

*साहस से काम करने से बहुत कुछ हासिल कर सकते हैं। 'I can do' यह सोचकर काम करने से सफलता ज़रूर मिलती है।*

पायल अलवर के एक गाँव में रहती है। उसके घर के चारों तरफ़ हरे-भरे खेत हैं। पायल बहुत हँसमुख बच्ची है। पढ़ाई के साथ-साथ वह खेल-कूद में भी सबसे आगे रहती है।

एक बार वह अपने भाई और मित्रों के साथ घर के बाहर छुपन-छुपाई खेल रही थी। एक दिन पहले तेज़ आँधी आने से बिजली का खंभा उखड़ गया था। उसमें से बिजली का एक तार नीचे झूल रहा था। खेलते-खेलते पायल के भाई का पैर उसपर पड़ गया।





Scanned with CamScanner

पायल ने तुरंत पास पड़ी हुई लकड़ी से तार हटाया और ओं से बोली— जल्दी भाग जा। तभी तार पायल के हाथों पर गि पड़ा। उसके हाथ बिजली के तारों से चिपक गए और वह वहीं गिर पड़ी। अन्य साथियों ने घबराकर शोर मचाया— बचाओ बचाओ।

आवाज़ सुनकर खेत पर काम कर रहे कुछ लोग भागक आए। पायल को देखकर वे समझ गए कि करंट से उसके हाथ जल गए हैं। तब तक पायल के माता-पिता भी आ गए थे। वे उसे तुरंत अस्पताल ले गए।

अस्पताल पहुँचकर डॉक्टर ने पायल की जाँच की और बताया- करंट लगने से हाथ बहुत जल गए हैं। अब शायद वह इन हाथों से कुछ काम नहीं कर पाए।

यह सुनकर पायल के माता-पिता उदास हो गए।

डॉक्टर— हमें बच्ची को नकली हाथ लगाने होंगे।

फिर हमारी बच्ची अपने काम खुद कर तो पाएगी न डॉक्टर साहब! — पिता ने उदास होकर पूछा।

पायल सब सुन रही थी। तपाक से बोली— पिता जी, मैं ज़रूर सारे काम कर पाऊँगी। विद्यालय भी जाऊँगी और खूब पढ़ूँगी-लिखूँगी।




Scanned with CamScanner

पायल की हिम्मत और साहस देखकर डॉक्टर साहब भी हैरान रह गए। पायल को नकली हाथ लगा दिए गए।

इस घटना के कुछ ही दिनों बाद पायल ने पैरों से लिखने का अभ्यास कर लिया। अभी घाव पूरी तरह ठीक भी नहीं हुए थे कि एक दिन उसने माँ से कहा— माँ, विद्यालय में खेल-दिवस की तैयारियाँ हो रही हैं। मैं भी कल से विद्यालय जाऊँगी।

माँ— अभी तो तुम पूरी तरह स्वस्थ भी नहीं हुई हो बेटी!





Scanned with CamScanner

# अभ्यास

## शब्द-अर्थ

| | | | |
|---|---|---|---|
| हँसमुख | — प्रसन्न, खुश | प्रतियोगिता | — मुकाबला |
| नकली | — बनावटी | अनुमति | — आज्ञा |
| जाँच | — अच्छी तरह देखना | दंग | — हैरान |
| तपाक | — तुरंत | इच्छाशक्ति | — कुछ काम करने की चाह *will power* |
| स्वस्थ | — जो बीमार न हो | | |

**श्रुतलेख:** एक बार ........................ खंभा उखड़ गया था।

## पाठ-बोध

1. प्रश्नों के उत्तर दो—

### मौखिक

• Oral expression

**क.** पायल कैसी लड़की थी?

**ख.** पायल ने भाई की मदद कैसे की?

**ग.** पायल विद्यालय क्यों जाना चाहती थी?

### लिखित

• Written expression

**क.** पढ़ाई के साथ-साथ पायल की और किसमें रुचि थी?

**ख.** पायल के माता-पिता क्यों उदास हो गए थे?

**ग.** सभी शिक्षिकाएँ और मित्र पायल की किस बात की प्रशंसा कर रहे थे?



Scanned with CamScanner

2. सही उत्तर पर ✓ लगाओ—

क. खेत में बच्चे क्या खेल रहे थे?

- [ ] पिट्ठू
- [x] छुपन-छुपाई
- [ ] खो-खो

ख. कक्षा में पायल के बैठने के लिए क्या बिछाया गया?

- [ ] चादर
- [ ] चटाई
- [x] दरी

## *मूल्यपरक प्रश्न

• Sharpening the skills, joy, enthusiasm, feeling of participation

प्रतियोगिता में भाग क्यों लेते हो, 🙂 या 🙁 बनाकर बताओ—

क. जीतने के लिए 🙁

ख. मन की खुशी के लिए 🙁

ग. साथियों को हराने के लिए 🙂

## भाषा-ज्ञान

1. एक से अनेक बनाइए—

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| झूला | — | झूले | आवाज़ | — | आवाजें |
| खंभा | — | खंभे | पेंसिल | — | पेंसिलें |
| बच्चा | — | बच्चे | किताब | — | किताबें |

*अध्यापन निर्देश

अध्यापक/अध्यापिका मूल्यपरक प्रश्न के संदेश को माध्यम बनाकर विद्यार्थियों में जोश और उत्साह जैसे भावों को उत्पन्न करने का प्रयास करें।



Scanned with CamScanner

**2. पाठ से ँ और ं के शब्द चुनकर लिखो—**

| | | | |
|---|---|---|---|
| ँ | गाँव | हँसमुख | माँ |
| ं | खंभा | प्रशंसा | ढंग |

**3. इनमें कौन-कौन से वर्ण जुड़े हुए हैं—** L.O. 7

क्ष = क् + ष | ज्ञ = ज् + ञ्

त्र = त् + र | श्र = श् + र

**4. शब्द सही जगह पर लिखो—**

| | | | |
|---|---|---|---|
| द्य | — | विद्यालय | विद्या |
| म्म | — | हिम्मत | चम्मच |
| स्थ | — | स्वस्थ | स्थान |

स्थान, विद्यालय
स्वस्थ, हिम्मत
विद्या, चम्मच

**5. का, के या की लिखकर खाली जगह भरो—**

बिजली का खंभा | पायल का भाई

पायल की हिम्मत | पायल के माता-पिता

**6. उलटे अर्थ वाले शब्दों के जोड़े बनाओ—**


| | | | |
|---|---|---|---|
| दूर | कायर | नया | पीछे |
| साहसी | बाहर | आगे | नीचे |
| भीतर | पास | ऊपर | पुराना |



Scanned with CamScanner

## विषय संवर्धन गतिविधियाँ Subject Enrichment Activitie

- घरों में बिजली से चलने वाली पाँच चीज़ों के चित्र एक ड्रॉ शीट पर चिपकाओ। *(Scientific Temper)*
- ये सुरक्षा से संबंधित कुछ संकेत हैं, जो कहीं आते-जाते सम दिखाई देते हैं। बताओ, ये संकेत क्या बताते हैं— L.O. 1




**बात करो—** L.O. 10 (ASL)

- अपने से बड़ों से बात करके जानो— बिजली की चीज़ें छूने से पहले किन-किन बातों का ध्यान रखोगे।



## मैंने सीखा और जाना...

साहसी मनुष्य जीवन में आई हर बाधा को पार करने का हौसला रखता है। साहस से मनुष्य...



Scanned with CamScanner